पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 4 ◆ रायपुर 20 अगस्त 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

78वां स्वतंत्रता दिवस

## पीएम मोदी ने 11वीं बार लाल किले में ध्वजारोहण किया

# ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार भारत-पीएम मोदी

नईदिल्ली । 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने 100 मिनट से ज्यादा लंबा भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने हर जरूरी विषय पर चर्चा की। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और आने वाले वर्षों के लिए रोडमैप भी देश के सामने रखा।



इस दौरान उन्होंने विकसित भारत और देश की समृद्धि के लिए सकारात्मक और आशावादी रहने की बात की। उन्होंने ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और 2036 ओलंपिक की मेजबानी को लेकर भी उम्मीद जताई। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने जी20 देशों की मीटिंग की मेजबानी की। 200 से ज्यादा कार्यक्रम किए। इसने एक बात साबित की है कि भारत के अंदर बड़े से बड़े कार्यक्रम को आयोजित करने की क्षमता है। पूरी दुनिया में भारत की मेजबानी का कोई जवाब नहीं है। ऐसे में भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है।

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ओलंपिक दल को न्योता

पीएम मोदी ने 11वीं बार लाल किले में ध्वजारोहण किया। इस दौरान 6000 खास मेहमान मौजूद रहे। इसमें भारत के ओलंपिक दल में शामिल खिलाड़ी भी शामिल थे। इसके अलावा अटल इनोवेशन मिशन



और पीएम एसएचआरआई (राइजिंग इंडिया के लिए प्रधान मंत्री स्कूल) योजना से लाभान्वित छात्र, और 'मेरी माटी मेरा देश' के तहत मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### 2024 ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन

*पेरिस ओलंपिक में 117 भारतीय एथलीटों के दल ने ओलंपिक 2024 में हिस्सा लिया था। भारतीय दल 6 पदकों के साथ पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा, जिसमें एक रजत पदक और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। मनु भाकर ने इन खेलों में भारत का पहला पदक जीता, कांस्य अर्जित किया और ओलंपिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में एक और कांस्य के साथ एक ही ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। सरबजोत के साथ उनका पदक निशानेबाजी में देश का पहला टीम पदक भी था। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता, जो एक ही ओलंपिक में इस खेल में भारत का सबसे बड़ा पदक था।*

## मुख्यमंत्री विशाल कांवड़ यात्रा में हुए शामिल





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुढियारी स्थित मारुती मंगलम भवन में आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष श्री रमन सिंह एवं विधायक श्री राजेश मूणत भी साथ में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित श्रद्धालुओं और कांवड़ियों से कहा कि सावन मास में ही मुझे बाबा भोरमदेव के दर्शन करने का अवसर मिला। यह मंत्र मुग्ध कर देने वाला अवसर था। हमने कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की। पूरे यात्रा मार्ग में कांवड़ियों का उत्साह छलक रहा था। मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की मनोकामना पूरी होने और सुख समृद्धि की कामना करते हुए सभी को कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## अन्नदाताओं के खाते में धान खरीदी और बकाया बोनस मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए की राशि अंतरित




# विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही हमारी सरकार : मुख्यमंत्री

## 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं, पुरखों के कठिन संघर्ष और बलिदान से मिली आजादी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के संकल्प में छत्तीसगढ़ प्रभावी भूमिका अदा कर रहा है। हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए नई-नई योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने राज्य की जनता को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों के कठिन संघर्ष और बलिदान से हमें






आजादी मिली है। आजादी के लिए हमारे पुरखों ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरूद्ध लंबा संघर्ष किया। उनके बलिदान और संघर्षों के फलस्वरूप मिली आजादी को हमें अक्षुण बनाए रखना है। लोकतांत्रिक ताकतों को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के बाद प्रदेशवासियों को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश के स्वाधीनता सेनानियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भारत माता की परतंत्रता की बेड़ियों को तोड़ने के लिए जो अनथक मेहनत की, उसके सुखद परिणाम स्वरूप आज हम स्वतंत्र वातावरण में साँस ले रहे हैं। देश के अन्य हिस्सों की तरह छत्तीसगढ़ में शहीद गेंद सिंह, शहीद धुरवा राव, शहीद यादव राव, शहीद वेंकट राव, वीर गुंडाधुर, शहीद डेबरी धुर, शहीद आयतु माहरा, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे हमारे अनेक ऐतिहासिक नायकों ने अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेकने के लिए अदम्य साहस का परिचय देते हुए जनमानस में स्वाधीनता की अलख जगायी। आज जिस स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं, वह हमारे पुरखों के बलिदान का प्रतिफल है।


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
हरिशंकर जयसवाल जी
वरिष्ठ चार्टेड एकाउटेंट -
एमजी रोड अंबिकापुर सरगुजा


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ओरियंटल पब्लिक स्कूल
डी हिल्स पार्क अंबिकापुर
सरगुजा- छत्तीसगढ़
संस्थापक- डॉं आई ऐ खान सुरी


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विक्टोरिया पब्लिक
हाई स्कूल
एंव समस्त स्टाफ गण
चाँदनी चौक अंबिकापुर
संस्थापक-कौशल शर्मा जी


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आदितेश्वर शरण सिंह देव
छोटे युवराज सरगुजा
जिला पंचायत उपाध्यक्ष
सरगुजा अंबिकापुर


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
HOLY CROSS HOSPITAL
AMBIKAPUR
अधिक्षिका होलीक्रास हास्पिटल
सरगुजा संभाग का एक मात्र विश्वसनीय
मिसनरी संस्थान केन्द्र अंबिकापुर
सौजन्य-होलीक्रास मिशन हास्पिटल अंबिकापुर


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
वनमंडलाधिकारी
एंव समस्त स्टाफ गण वन मंडल
बलरामपुर
DFO अशोक तिवारी जीं

# ओलंपिक 2024, विश्व पटल पर हम कहां तुम कहां?



विश्व स्तर पर आयोजित होने वाला खेलों का महामेला , महाकुंभ, आज पेरिस में शानदार तरीके से आयोजित होकर समापन पर है।

भाला फेंक से रजत, शूटिंग से तीन,हाकी से एक ,और कुश्ती से एक कांस्य कुल छः पदकों को झोली में डालकर , भारतीय टीम वापस आ रही है। जाहिर है उनका भव्य स्वागत होना चाहिए, उनकी मेहनत और इस उपलब्धि के लिए। पदक विजेताओं को बधाई, और पराजित आशार्थियों के प्रति सहानुभूति तथा आगामी सफता की शुभकामनाएं।

विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे ऊपर भारत है, करीब डेढ़ सौ सदस्यों का दल, खेल में शिरकत के लिए पेरिस गया था। कई खेलों में भाग लेने का अवसर मिला, कई खेलों के लिए पात्रता ही नहीं रही, उसे छोड़ दिया जाए। इस महा मेला में हमारी उपलब्धि, हमारी हैसियत क्या है?और विश्व पटल,या आकाश में हम , क्या सूरज, चांद,सितारे बन पाये,या जुगनू की तरह टिमटिमाते रह गये।

इसके लिए पदक तालिका की तरफ नजर करना होगा। भारत का स्थान तालिका में 82 में से 71वें नंबर पर है। एशियन देश थाईलैंड, इंडोनेशिया भी ऊपर हैं, चीन जापान की बात तो छोड़ दीजिए। खेल में श्रेष्ठता प्रमाणित करने के लिए स्वर्ण का तगमा हासिल करना आवश्यक है, अफसोस हम साबित करने से वंचित रह गए। आज तक कुल जमा जितने स्वर्ण पदक हमारे पास हैं,उतने तो कई बार एक खिलाड़ी एक सीजन में हासिल कर लेता है।

जब भी कोई भारतीय खिलाड़ी किसी खेल में जोर आजमाईश करता है, हर भारतवासी भावनात्मक रूप से जुड़ जाता है, हर कोई चाहता है कि उसकी जीत ही हो, टीवी में मैच देखते देखते हमारे हाथ पांव हिलने डुलने लगते हैं, हमारा खिलाड़ी पूरे दमखम से जूझता है, मगर विपक्षी या प्रतिद्वंद्वी अक्सर बल और कौशल में भारी पड़ता है, खेल है अपना खिलाड़ी अंत में पराजित हो जाता है। कभी कभी हमारा खिलाड़ी हारे तब तो कोई बात है मगर अक्सर ही जब हमारा खिलाड़ी हारे तो जरूर चिंता और शोचनीय बात है, और यही दशा हमारी है। बात निराशा में डूबने की नहीं है बल्कि उबरने और सीखने की है,चूक कहां हो रही है, उसे दूर कर, शिखर तक पहुंचने की है। कई सालों से लकीर पीटते आ रहे हैं,अब समय आ गया है ठोस रणनीति बनाने का।भारत सरकार खेल विभाग, चीन, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया आदि देशों की खेल नीतियों का अध्ययन करे। अच्छी नीति लागू करें, बचपन से प्रतिमाओं की खोज करे, किसी भी देश से योग्य प्रशिक्षण की व्यवस्था हो, खेल सुविधाएं मुहैय्या कराकर लंबे रेस के घोड़े तैयार किए जायें। खिलाड़ियों को, रोजगार सुरक्षा मिले। दुनिया में भारत सबसे बड़े मानव संसाधन से युक्त है, इसमें गुणवत्ता बढ़ाने की जरूरत है।

भाला फेंक, कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हाकी, नौका रेस आदि खेलों में सुधार से बेहतर प्रदर्शन में उम्मीद की किरण नजर आती है। खेल में जब तक पेशेवर रूख न अपनाया जायेगा, निराशा हाथ आती रहेगी।

ओलंपिक इतिहास में हमारी प्रगति तो है मगर गति बहुत धीमी है, इसे स्वीकारते हुए अच्छी रणनीति के साथ आगे बढ़ें तो जरूर सफलता मिलेगी। यदि यही नीति और गति रही तो आगामी लास एंजिल्स में आने वाले परिणामों को झेलने के लिए अभी से खेल प्रेमी दिल को मजबूत कर लें , अच्छा रहेगा।

बात खेल भर की नहीं है वरन् देश के समग्र विकास और विश्व में हमारी अस्मिता की भी है। यह तभी संभव है कि इतिहास से सबक लेकर , विश्वगुरु होने के भ्रम में न पड़कर,मानव संसाधन की गुणवत्ता बढ़ाते हुए, राष्ट्र को तरक्की की ऊंचाई तक पहुंचाया जाए।

हमारा देश भी विकसित भारत बने, ताकि हम भी मातृ भूमि के लिए गर्व से कह सकें -- गर फ़िरदौस बर रुए जमींअस्त;, हमीं अस्तो,हमीं अस्त

जय भारत !

# बदले बदले मेरे सरकार नजर आते हैं

*एक बार फिर पंद्रह अगस्त के दिन प्रधानमंत्री मोदी लाल किले पर झंडा फहराएंगे और एक बार फिर उनके विरोधी कटाक्ष मारेंगे। इसी तरह एक बार फिर मोदी अगले पांच बरस के 'एनडीए' के एजेंडे को बताएंगे और एक बार फिर विरोधी उसका 'छिद्रान्वेषण' करेंगे... यह दुर्लभ संयोग ही है कि नेहरू की तरह मोदी ने भी लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है और यह भी 'दुर्लभ दुर्योग' है कि विपक्ष ने अभी तक पूरे दिल से मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में नहीं स्वीकारा है। कई विपक्षी 'प्रवक्त ाओं' के शब्दों में यह एक 'हथियाई हुई' सरकार है!*

कैसी 'उलटबांसी' है कि मोदी 'जीते' भी लगते हैं और 'हारे' भी लगते हैं। हारते-हारते भी वह इतना जरूर जीते हैं कि अपनी 'सरकार' बना सके, लेकिन जीतते-जीतते इतना हारे भी हैं कि 'भाजपा' की सरकार बनाने की जगह वह कुछ सहयोगी दलों के सहारे ही सरकार बना सके हैं। यह लेखक अक्सर सोचता है कि क्या मोदी आज वही हैं, जो थे? हमेशा 'फ्रंटफुट' पर खेलने वाले, 'एक अकेला सब पर भारी' ब्रांड वाले, हर अवसर पर विपक्ष को ललकारने वाले, भाजपा को हर बार एक नई रणनीति देकर 'दुर्जेय' बनाने वाले, भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने वाले और अपने को 'देश का चौकीदार' व 'प्रधान सेवक' कहने वाले,'मोदी है तो मुमकिन है', 'ये मोदी की गारंटी है' और फिर 'गारंटी की गारंटी है' वाले, क्या अब भी वैसी ही 'हनक' वाले मोदी हैं या कुछ उदार, नरम व लचीले मोदी हैं?



यह लेखक अक्सर सोचता है कि क्या मोदी आज वही हैं, जो थे? हमेशा 'फ्रंटफुट' पर खेलने वाले, 'एक अकेला सब पर भारी' ब्रांड वाले, हर अवसर पर विपक्ष को ललकारने वाले, भाजपा को हर बार एक नई रणनीति देकर 'दुर्जेय' बनाने वाले, भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने वाले और अपने को 'देश का चौकीदार' व 'प्रधान सेवक' कहने वाले,'मोदी है तो मुमकिन है', 'ये मोदी की गारंटी है' और फिर 'गारंटी की गारंटी है' वाले, क्या अब भी वैसी ही 'हनक' वाले मोदी हैं या कुछ उदार, नरम व लचीले मोदी हैं?

कइयों को वह आज 'शेक्सपियर' की किसी 'त्रासदी' के उस 'हीरो' की तरह लगते हैं, जिसने बड़े-बड़े युद्ध जीते, लेकिन जिसे खलनायक 'इयागो' ने छल करके निपटाने की कोशिश की, लेकिन इस 'हीरो' का 'सौभाग्य' कि हारते-हारते भी वह पूरी तरह नहीं हारा और सरकार बनाकर तीसरी बार फिर विपक्ष का 'सिरदर्द' बन गया। यों आज 'सत्तापक्ष' और 'विपक्ष' दोनों ही 'चोटिल' हैं। एक का 'ईगो' घायल हुआ है, तो दूसरे का भी हुआ है, लेकिन एक अपने घाव दिखाता नहीं, जबकि दूसरा 'दिखाता' है। एक अपने 'अहं' से हारा है, तो दूसरा अपने 'वहम' से हारा है। लेकिन सोचिए, जब एक बार फिर मोदी लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे, तब उनके 'मन' में क्या चल रहा होगा और विपक्षी मन ही मन में क्या सोच रहे होंगे और हमारे जैसे टिप्पणीकारों को कैसे 'कॉमिक-त्रासद' भाव महसूस हो रहे होंगे... हमारा मानना है कि ऐसे 'दुर्वह' वक्तों में कभी बड़े नेताओं के 'दिलोदिमाग' को भी पढ़ने की कोशिश की जानी चाहिए, क्योंकि सारे 'गुणदोषों' के बावजूद वे भी 'मनुष्य' होते हैं। उनकी भी 'फीलिंग्स' होती हैं। उन्हें हर चोट सीने पर लेनी होती है और हर क्षण 'निर्णायक' व 'अकाउंटेबिल' होना होता है... विपक्ष के अनुसार, मोदी अब 'बैसाखियों' वाली ऐसी सरकार के नेता हैं, जिसे हरदम हिलते रहना है, जिसे हर कदम पर 'सहयोगी दलों' के मूड का खयाल रखना है। शायद इसीलिए इस बार मोदी के वैसे 'दो टूक' तेवर नहीं दिखते, जैसे दस बरस तक हर रोज दिखते रहे। फिर भी विपक्ष की विडंबना है कि एक बार फिर मोदी पंद्रह अगस्त के दिन लाल किले की प्राचीर से बोलते दिखेंगे। ऐसे दृश्यों को देख बहुतों के दिल से धुआं उठता दिखेगा, जिसे देख मीर की तरह कोई पूछता होगा कि ये धुआं सा कहां से उठता है... और उधर मोदी के मन में भी एक 'कसक' होगी कि जाना था 400 पार, लेकिन पहुंचे 240 तक ही यार! फिल्म गाइड की तरह इस 'गाइड' का मन भी गाता होगा : क्या से क्या हो गया बेवफा जनता तेरे प्यार में...उधर विपक्ष हारकर भी अपने को हारा नहीं मान रहा। वहां विरोध की जगह एक 'जिद' सी आ बैठी है। हर बात पर 'रूठना' है, 'शिकायत' करनी है। 'नाराज' रहना है। 'वॉकआउट' व 'प्रदर्शन' करना है और आए दिन 'गांधीशरणम् गच्छामि' करना है। जबकि एक बार फिर पीएम मोदी 'लाल किला' पर लाइव होंगे और एक बार फिर 'तेज विकास' के सपने होंगे, देश की 'अर्थव्यवस्था' को दुनिया की 'तीसरी अर्थव्यवस्था' बनाने, जल्दी से 'विकसित भारत' बनाने, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर देने, युवाओं को रोजगार के अवसर देने...यानी 'सबका साथ सबका विकास' वाली नई पुरानी योजनाएं होंगी और एक बार फिर 'सबका प्रयास सबका विश्वास' वाले संकल्पों पर जोर बढ़ता दिखेगा।

साभार... अमर उजाला सुधीश पचौरी

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के मामले में सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही जारी, मामले में 2 आरोपी किये गए गिरफ्तार

पंकज शुक्ला

ब्यूरोचीफ

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपियों पर लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि दिनांक 15/08/24 कों थाना कोतवाली पुलिस टीम कों जरिये मुखबीर सूचना मिला कि दो संदिग्ध युवक अपने ट्रॉली बैग एवं लाईनदार बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर नया बस स्टैंड रैन बसेरा अम्बिकापुर के अंदर बनारस जाने वाली बस का इंतज़ार कर रहे हैं, सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर दोनों संदिग्ध युवको की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया।




संदिग्धो द्वारा अपना नाम (01) दिनेश पासवान उर्फ़ छोटन आत्मज निठोहर पासवान उम्र 30 वर्ष साकिन (02) प्रदीप पासवान उर्फ़ अलोक आत्मज मिश्री पासवान उम्र 20वर्ष दोनों साकिन मचवन पोस्ट तियरा थाना शाहबगंज जिला चंदौली उत्तरप्रदेश अम्बिकापुर का होना बताया, गवाहों की उपस्थिति मे संदेहियो के ट्रॉली बैग एवं लाईनदार बैग की तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल किमती लगभग 04 लाख 40 हजार रुपये जप्त किया गया हैं, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर उपरोक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा उड़ीसा से क्रय कर अम्बिकापुर लाकर उत्तरप्रदेश बिक्री हेतु ले जाना स्वीकार किया गया आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 547/24 धारा 20(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता हैं।

**थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 22 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती लगभग 440000/- रुपये किया गया बरामद।**

**नशीले पदार्थो की खरीद फरोख्त में शामिल आरोपियों पर लगातार की जा रही सख्ती से कार्यवाही।**

**आरोपियों द्वारा उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीदी कर उत्तरप्रदेश ले जाकर खपाने की थी योजना।**

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक के. के. यादव, प्रधान आरक्षक देवनारायण नेताम, आरक्षक शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता, संजय तिवारी शामिल रहे।

# अंबिकापुर में 78 वां स्वतंत्रता दिवस भारी धूमधाम से मनाया गया

## कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने किया ध्वाजारोहण

पंकज शुक्ला

ब्यूरोचीफ







**अंबिकापुर।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस ग्राउंड अंबिकापुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर शहीदों के परिजनों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ध्वजारोहण के बाद मंत्री नेताम ने कलेक्टर विलास भोसकर, एसपी योगेश पटेल और परेड कमांडर के साथ परेड का निरीक्षण किया। लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्य अतिथि नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। इसके बाद तिरंगे के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। विभिन्न क्षेत्रों और कार्यस्थल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 129 अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया। इनमें अंबिकापुर शासकीय प्रयास आदिवासी विद्यालय, स्वामी आत्मानन्द विद्यालय ब्रह्मपारा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरिमा, बतौली के स्वामी आत्मानन्द विद्यालय, सीतापुर के देवगढ़ स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के संस्था प्रमुखों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

इसमें विकसित भारत पर आधरित नृत्य की प्रस्तुति पर कस्तुरबा गांधी आवसीय विद्यालय को प्रथम, भारत की सांस्कृतिक विरासत पर आधरित नृत्य की प्रस्तुति पर होलीक्रास हायर सेकेंडरी स्कूल अम्बिकापुर को द्वितीय, अनेकता में एकता पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति पर सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर को तृतीय और छत्तीसगढ़ लोक नृत्य पर आधारित नृत्य पर उर्सुलाइन स्कूल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक और अधिकारी-कर्मचारियों के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।







मैनपाट में अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुलडोजर

# सरगुजा में प्रशासनिक अमले ने नर्सरी की 35 एकड़ भूमि से हटाया 11 अतिक्रमणकारियों का कब्जा

पंकज शुक्ला ब्यूरोचीफ

**अंबिकापुर** सरगुजा-छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में प्रशासनिक अमले ने शासकीय नर्सरी की भूमि से अवैध कब्जा कब्जा हटाया। मैनपाट के कुनिया में 35 एकड़ भूमि पर 11 लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। बुधवार को एसडीएम रवि राही के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले ने अवैध कब्जा कर बनाए गए बाउंड्रीवाल एवं चारदीवारी को तोड़कर भूमि को कब्जामुक्त किया। मैनपाट में हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा विधानसभा चुनाव में भी मुद्दा बना था। जानकारी के मुताबिक, मैनपाट अंतर्गत ग्राम कुनिया के शासकीय नर्सरी की भूमि पर मैनपाट के संजय यादव, संतोष यादव, हीरालाल यादव, भोला यादव, होमी यादव, दुरबास यादव, बृजमोहन यादव, टानेश्वर यादव, लालमनी यादव, देवेंद्र यादव



एवं रघुवर यादव ने कई वर्षों से कब्जा कर रखा था। 35 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायत पूर्व में कई बार जिला प्रशासन से की गई थी। बेजाकब्जाधारियों को प्रशासनिक अमले ने पूर्व में नोटिस जारी किया था। बुधवार को सीतापुर एसडीएम रवि राही के नेतृत्व में प्रशासनिक



अमला मौके पर पहुंचा एवं मौके पर कब्जा कर बनाए गए मकान, आहाता को जेसीबी से तोड़ दिया गया। प्रशासनिक अमले ने सभी के कब्जे को हटाते हुए नर्सरी को कब्जामुक्त कर दिया है।

## जारी रहेगी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

*एसडीएम रवि राही ने बताया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण*



*हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। कलेक्टर सरगुजा द्वारा पूर्व में हुए अवैध कब्जे को हटाते हुए फर्जी पट्टे को निरस्त कर जमीनों को शासकीय मद में दर्ज किया गया है। शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा मैनपाट में हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। यहां लोगों ने प्रशासनिक अमले की मिलीभगत से फर्जी तरीके से वन अधिकार पट्टा भी बनवा लिया है। इसमें गौचर मद की भूमि भी शामिल है। फर्जी पट्टे के आधार पर केसीसी लोन भी ले रहे हैं एवं धान भी बेचा है। सरगुजा जिला प्रशासन ने मैनपाट में 338 एकड़ भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। नर्मदपुर में ही कई एकड़ गोचर भूमि का फर्जी तरीके से पट्टा बनाने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है।*

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्षित केंद्र अम्बिकापुर में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए बाल उद्यान का किया गया लोकार्पण

## लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथियों सहित पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का दिया गया सन्देश

पंकज शुक्ला ब्यूरोचीफ

**अंबिकापुर।** कल दिनांक कों पुलिस लाईन परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम पश्चात रक्षित केंद्र अम्बिकापुर में बाल उधान का लोकार्पण समारोह सम्पन्न किया गया, बाल उधान का लोकार्पण कमिश्नर सरगुजा संभाग श्री जी.आर.चुरेंद्र, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर सरगुजा श्री विलाश भोस्कर, एवं आई.जी. उत्तर सरगुजा छ.स.बल. श्री आरिफ शेख के करकमलों से किया गया, पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश पटेल के निर्देशन में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए बाल उधान की स्थापना करने के दिशा निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम में रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत के नेतृत्व में बाल उधान का निर्माण कराया गया हैं, बाल उधान का लोकार्पण करते हुए कमिश्नर सरगुजा संभाग एवं पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा उक्त बाल उधान का उद्घाटन करते हुए बाल उधान पुलिस परिवार के बच्चों के विकाश के लिए आवश्यक संसाधन





उपलब्ध कराने के लिए नितांत आवश्यक होना बताया गया, लोकार्पण समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों सहित पुलिस परिवार की महिलाओ द्वारा बाल उधान परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का सन्देश भी दिया गया। लोकार्पण समारोह के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कवर, संभागीय सेनानी नगर सेना श्री राजेश पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश पाटनवार, उप पुलिस अधीक्षक श्री जयराम चेरमाको, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस परिवार एवं बच्चे उपस्थित रहे।






# संत गोस्वामी तुलसीदास जयंती संपन्न

## सरस्वती शिशु मंदिर नवनिर्मित हॉल में हुआ संपन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया






**थानखम्हरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर नवनिर्मित हाल में गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री राम हर्षण राम मंदिर साजा के महंत वैष्णव दास जी व विद्यालय परिवार के द्वारा सरस्वती माता ,भारत माता के छायाचित्र पर दीपक जलाकर पूजा आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महाराज जी को वस्त्र श्रीफल से स्वागत किया गया। महाराज जी ने जयंती अवसर पर महान संत तुलसीदास जी के महिमा का वर्णन किया गया। आपके द्वारा तुलसीदास जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए बताया गया कि रामचरित मानस का पाठ करने से जन्म-जन्मांतरों के पाप से मुक्ति भय, रोग आदि सभी दर दूर होते हैं।रामचरित की चौपाइयां इतनी प्रभावशाली ह कि इसके पाठ मंत्र से सभी कामनाओं की प्राप्ति होती है। रामचरितमानस तुलसीदास जी के समय और समाज पर गहरा प्रभाव है। वह भक्त होते ही जनमानस में गहरी आस्था रखते थे। आगे महाराज जी ने बताया ब्रह्मावर्त पुराण जिसमें शिव हरि मंत्र के जापक कहाये गए। आशय यह है कि शंकर प्रिय मम द्रोही शिव द्रोही मुझे पसंद नहीं है। तुलसीदास जी राम भक्त हैं। लेकिन लोकाचार के अनुसार उन्होंने मानस की शुरुआत में गणेश की वंदना की उनकी इस प्रतिभा और बुद्धि ने उन्हें समाज के सभी वर्गों और स्तरों में मान्य और निशाना बनाया। आगे महाराज जी ने बताया कि जहां श्री राम ,लक्ष्मण, भरत ,देवी सीता ,हनुमान जी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें जीवन में किससे कैसा आचरण व्यवहार करना चाहिए। वही रावण से हमें यह सीख मिलती है कि कभी भी हमने अपने काम भाव को ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। आगे आपने बताया, तुलसीदास जी श्री रामचरितमानस के अलावा कवितावली, दोहावली ,दुर्गा सप्तशती ,हनुमान चालीसा गीतावली, विनय पत्रिका, जानकी मंगलम कुल 13 ग्रन्थों की रचना की जिनके अध्ययन से लोगों को भक्ति भाव से भाव विभोर कर देती है। आगे आपने बताया विनय पत्रिका तुलसीदास जी ने अंतिम रचना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह तब लिखी गई थी, जब कलयुग में भी विधर्मियों के द्वारा परेशान करना शुरू कर दिया था। आगे आपके द्वारा रामचरितमानस को चार घाट की कथा बताएगी। पहले ज्ञान दूसरा कर्म तीसरा उपासना चौथ भक्ति घाट इन चारों ही घाट के माध्यम से हमें ईश्वर की प्राप्ति हो जाती है। आगे आपने तुलसीदास जीके वैराग्य के संदर्भ में बताया गया। लज्जित अवस्था में पत्नी रत्नावली द्वारा मारे गए ताने से तुलसीदास जी के जीवन के दिशा बदल डाली।उसके बाद उनके मन में वैराग्य उत्पन हुआ। और वे भगवान राम की भक्ति में रम गए।उसी दौरान एक दिन स्वामी नरहरिदास उनके गाव आए। जिन्होंने तुलसी दास जी को दर्शन देकर जीवन की राह दिखाई। इस अवसर पर श्री राम अनुग्रह दास जी चित्रकूट, सीताराम दास अयोध्या ,श्री विवेकानंद जी हिमाचल, प्रभु दास जी सतना , मृत्युजय शुक्ला नगर से पंडित ओमप्रकाश जोशी, सुरेश सिंघानिया, पुरुषोत्तम सिंघानिया ,पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, ऋषि जोशी , राकेश जोशी, वेदप्रकाश जायसवाल, सुनील यादव, देवानंद त्रिपाठी, देवेंद्र शर्मा, अग्रवाल, महेंद्र सिंह विरदी, भागवत सिन्हा, शिवेंद्र बिंदल, आशीष बंसल, जगमोहन जायसवाल, हरि अग्रवाल, शिव केडिया, डॉक्टर गोविंद शर्मा, हितेश कागलीवाल, नंदकुमार ठाकुर, शिक्षक गोपाल , प्राचार्य लखन लाल साहू , विश्वनाथ साहू एवं समस्त प्राचार्य विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# संतों ने की हिंदुओं की रक्षा की मांग बांग्लादेश में मंदिरों पर हमले व हिंदुओं पर अत्याचार की निन्दा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया


Ram balkdas jiii | Basant biharidas vaishno | Pandit Omprakash joshi ji

थानखम्हरिया। राष्ट्रीय संत जामड़ी पाटेश्वर आश्रम संचालक परम पूज्य श्री राम बालक दास जी महात्यागी, राधा कृष्ण जमात मंदिर महंत बसंत दास वैष्णव व भागवत आचार्य पंडित ओमप्रकाश जोशी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे है हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार से इस मामले में दखल करने की मांग की यहां पर हिंदुओं के मंदिरों को देवी देवताओं को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और हिंदू की बहू बेटियों के साथ जासती और अमानवीय व्यवहार जैसे दुराचार जैसे कार्य किया जा रहे हैं।

संत जीने कहा कि भारत ने बांग्लादेश बनाया आज भारत के खिलाफ वहां जो माहौल है वहां जो कृत्य है वह बहुत ही चिंताजनक है केंद्र सरकार को नीति रूप से पहल करनी चाहिए भारत सरकार हिंदुओं की रक्षा के लिए कठोर कदम उठाए हिंदुओं को भारत में शरण देने के लिए योजना बनानी चाहिए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए वहां पर जो माहौल और जो वातावरण बना है उस पर ठोस कार्यवाही करने की अपील की ।

आगे भागवत आचार्य पंडित ओमप्रकाश जोशी ने कहा निश्चय ही भारत इस परिस्थिति में आंखें मुंदकर नहीं रह सकता भारत ने परंपरा से ही विश्व भर के उत्पीड़ित की सहायता की है भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। विकट स्थिति का लाभ उठाकर यहूदी द्वारा सीमा पार से घुसपैठ का एक बड़ा प्रयत्न किया जा सकता है इससे सतर्क रहना होगा इसलिए हमारे सुरक्षा बलों के लिए आवश्यक है की सीमा पर कड़ी चौकसी बढ़ते और किसी भी तरह के अतिक्रमण को न होने दे बांग्लादेश में शीघ्र अतिशीघ्र लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष सरकार पुनः स्थापित हो वहां के अल्पसंख्यक समाज को मानव अधिकार मिले और बांग्लादेश के निरंतर आर्थिक प्रगति में कोई बाधा ना आए।


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वन्दे मातरम्
आदिमजाति कल्याण विभाग
एंव समस्त स्टाफ गण अंबिकापुर
विनित-सहायक आयुक्त नागेश साहब


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला कार्यक्रम अधिकारी
एंव महिला बाल विकास विभाग
एंव समस्त स्टाफ गण अंबिकापुर सरगुजा
विनित- प्रधान साहब


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
वनपरिक्षेत्र लून्ड्रा
विनित-राज बहादुर राय


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
वनपरिक्षेत्र मैनपाट
विनित-दिलसाय बरा


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
एंव समस्त स्टाफ गण
कृषि उपज मंडी समिति अंबिकापुर
विनित-थोबियस टोप्पो



15
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
उपसंचालक
उद्यानिकी विभाग
एंव समस्त स्टाफगण
अंबिकापुर


15 अगस्त
78 वें स्वतंत्रता दिवस
की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
मा. श्री ईश्वर साहू जी
विधायक साजा विधानसभा
सुरेश सिंघानिया जी
जिला भाजपा कोषाध्यक्ष-बेमेतरा
एस.एस. ज्वेलर्स प्रो.


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जिला आयुर्वेद अधिकारी
एंव समस्त स्टाफ गण
अंबिकापुर


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को
78 वें स्वतंत्रता दिवस
15 अगस्त
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत : एक शुभ चिंतक, थानखम्हरिया
पवन सिन्हा, घसिया निषाद, दीपक बंसल, ईश्वर बंसल रामसनेही नामदेव
रामकमल मानिकपुरी, बिहारी निर्मलकर, गिरधारी देवांगन
श्री प्रेम सिंघानिया
पूर्व गौ सेवा आयोग अध्यक्ष छ.ग. शासन
अनिल सिंघानिया
भाजपा नेता (देशबन्धु प्रतिनिधि)
मुकेश सिंघानिया
वरिष्ट भाजपा नेता थानखम्हरिया


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
जिला रेशम अधिकारी
एंव समस्त स्टाफगण
अंबिकापुर


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
जलसंसाधन विभाग संभाग क्रमांक 1 अंबिकापुर
विनित- अशोक कुमार निरंजन


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
एंव समस्त स्टाफ गण
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी सेवा संभाग अंबिकापुर


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
में .रुद्र कंस्ट्रक्शन
एन्ड कंपनी
इंजिनियर अनुग्रह दुबे अंबिकापुर


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यॉंत्रिकी सेवा संभाग
एंव समस्त स्टाफ गण अंबिकापुर
सौजन्य-मिंज साहब


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय क्रेडा विभाग
एंव समस्त स्टाफ गण अंबिकापुर सरगुजा
विनित- अधिक्षण अभियंता गोस्वामी साहब
कार्यपालन अभियंता सुमन किसोर किन्डो सर
अपील-सौर ऊर्जा से अपने जीवन को सशक्त बनाइये! अपनी ऊर्जा बचत पर सूर्य की रोशनी पड़ने दें। सौर ऊर्जा: भविष्य उज्ज्वल है। एक उज्जवल कल के लिए सूर्य की शक्ति का उपयोग करें


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
एंव समस्त स्टाफगण
वनपरिक्षेत्र कुसमी वन मंडल बलरामपुर
विनित- काली राम आरो कुसमी


15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मा. चिंतामणी महराज
सासंद सरगुजा लोकसभा क्षेत्र-
अंबिकापुर छत्तीसगढ


स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिले एंव प्रदेशवासियों
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विज्ञापन संकलनकर्ता
पंकज शुक्ला ब्यूरोचीफ सरगुजा जिला
मो-9826076676/7000940145


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महाजन लाल साहू जी
वनपरिक्षेत्रा अधिकारी वनपरिक्षेत्र
राजपुर वन मंडल बलरामपुर


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वनपरिक्षेत्रा अधिकारी
वनपरिक्षेत्र अंबिकापुर
सौजन्य- निखिल पैंकरा


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वनमंडलाधिकारी
एंव समस्त स्टाफ गण वन मंडल सरगुजा
सौजन्य- तेजस शेखर डीएफओ सरगुजा वन मंडल


15th
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
INDIA
वनमंडलाधिकारी
एंव समस्त स्टाफ गण वन मंडल जशपुर
सौजन्य- जितेंद्र उपाध्याय जी डीफओ


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वनपरिक्षेत्र अधिकारी
वनपरिक्षेत्र रामानूजनगर
वनमंडल सुरजपुर
विनित-रामचंद्र प्रजापति


15
अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
INDIA
कार्यपालन अभियंता
एंव समस्त स्टाफ गण सेतु संभाग
अंबिकापुर सरगुजा
विनित- नायक साहब ईई

# यह स्वाधीनता हमें देश के विभाजन की कीमत पर मिली है, यह सतत स्मरण रखना होगाः पुरोहित

'पढ़ाई के साथ विद्यार्थी सैन्य प्रशिक्षण में भी रुचि लें, ताकि भारत विरोधी ताकतों का मुँहतोड़ मुकाबला करने में सक्षम हों'

विशेष प्रतिनिधि द्वारा





## सशिमं के स्वाधीनता दिवस समारोह में व्यवसायी श्री आकाश जैन ने लहराया तिरंगा, विविध कार्यक्रमों से सजा समारोह



**बागबाहरा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान, छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिला प्रतिनिधि और स्थानीय विद्यालय संचालन समिति के सदस्य श्री अनिल पुरोहित ने इस बात पर जोर दिया है कि स्वाधीनता दिवस पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों के पूजन-वंदन के साथ ही हमें यह भी सतत स्मरण रखना होगा कि यह स्वतंत्रता हमें देश के विभाजन की कीमत पर मिली है और इस विभाजन की विभीषिका के दौरान 20 लाख लोगों की हत्या की गई और 1.5 करोड़ लोगों को अपने मूल स्थानों से विस्थापित होना पड़ा। विभाजन का यह दंश कभी न भूलने वाली पीड़ा है। श्री पुरोहित सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय में आहूत स्वाधीनता दिवस समारोह के कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में अध्यक्षीय आसंदी से संबोधित कर रहे थे। श्री पुरोहित विभाजन की विभीषिका की चर्चा करते हुए कहा कि पाकिस्तान व बांग्लादेश के निर्माण का इतिहास तो सभी जानते हैं, लेकिन अब तक भारत का 24 बार विभाजन हो चुका है। दुर्भाग्य से वामपंथियों के टुकड़ों पर पलने वाले तथाकथित इतिहासकारों ने भारत के इतिहास से देशवासियों को अवगत नहीं होने दिया और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर हमें अपने राष्ट्र के गौरव, राष्ट्र के अभिमान से अनभिज्ञ रखने का षड्यंत्र किया। आज एक बार फिर ये षड्यंत्रकारी ताकतें भारत के कुछ नेताओं के कंधों का इस्तेमाल करके अपने झूठे नैरेटिव चलाकर भारत में भी हिंसा और अराजकता फैलाने का वही जाल बुन रहे हैं, जो उन्होंने पहले अमेरिका, फ्रांस, श्रीलंका में बुना और आज बांग्लादेश को उसी अराजकता, हिंसा, उन्माद में धकेल दिया है। लेकिन, भारत में इन विदेशी और वामपंथी ताकतों का षड्यंत्र कभी सफल नहीं होगा क्योंकि भारत के बच्चे-बच्चे में राष्ट्रीयता और जन-जन में लोकतंत्र व संविधान के प्रति आस्था कूट-कूटकर भरी है और वह भारत के लोग इसका मुँहतोड़ जवाब देना जानते हैं। श्री पुरोहित ने कहा कि विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ देश के इतिहास को पढ़ें, अग्निवीर योजना से जुड़कर सैन्य प्रशिक्षण अर्जित करने में भी रुचि लें, ताकि भारत को चुनौती देने वाली ताकतों का गली-गली से निकलकर मुँहतोड़ मुकाबला करने में वे सक्षम हों। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय युवा व्यवसायी और विद्यालय के पूर्व छात्र श्री आकाश जैन ने विद्यालय परिवार को स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए शहीदों को नमन किया। श्री जैन ने सशिमं के विद्यार्थियों से देश के समर्पित होने का आह्वान भी किया। इस मौके पर संचालन समिति के अध्यक्ष श्री मनसुख परमार, सचिव/व्यवस्थापक श्री राहुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री रामजी तिवारी, सहसचिव श्री जोगेंद्र सिंह व कार्य. सदस्य श्री नरेश जैन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण, बौद्धिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। साहित्यिक कार्यक्रम में विशेष देशभक्ति गीत, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में कविताएँ प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे भैया-बहिनों ने देशभक्ति पूर्ण गीतों और विचारों से पूरे आयोजन को सजाया था। इस अवसर पर महर्षि योगी अरविंद का स्मरण कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

*कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि श्री जैन ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात भारत मां का पूजन व आरती तथा भारत माँ, सरस्वती माँ व ओम के साथ ही महर्षि अरविंद चित्रों पर मार्ल्यापण किया गया। अतिथि परिचय एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य श्री नंदूराम निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा पौरवी एवं साधना देवांगन ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्री पुरोहित ने विद्यालय परिसर में अपने माता-पिता के नाम पर विद्यालय संचालन समिति के सभी सदस्यों के साथ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता का परिचय दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक माता-पिता, गणमान्य नागरिकगण, पूर्व छात्र एवं समस्त दीदी एवं आचार्य उपस्थित रहे।*

# प्रजापिता ब्रम्हकुमारी की बहनों एवं महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने विधायक इन्द्र साव को बांधी राखी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** भाई-बहन के पवित्र व पावन त्योहार रक्षाबंधन पर विधायक निवास पर अनेक महिला संगठनों द्वारा विधायक इन्द्र साव को रक्षा सूत्र बांधने हथनीपारा इन्द्र निवास पर नगर की बहनों का तांता लगा रहा। जिसमे प्रजापिता ब्रम्हकुमारी बहनों ने ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग शिक्षिका बी.के. मंजू दीदी ने विधायक इन्द्र साव को राखी बांध कर उनके सफल राजनीतिक जीवन व आरोग्य रहने की शुभकामनाएं दी। जिसमें संस्था की अन्य ब्रम्हकुमारी बहनें शामिल रही। साथ ही महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने भी विधायक निवास पहुंच कर भाटापारा विधानासभा के लोकप्रिय विधायक इन्द्र साव को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी दीर्घायु जीवन व आरोग्य जीवन की मंगलकामना की, जिसमे मुख्यरूप से निर्मला कोशले, हिरमत साहू, प्रमिला साहू, कृष्णा टंडन, सरस्वती साहू, सतरूपा ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, संध्या साहू, दानी भाट, सीमा रात्रे, दसमत साहू, ज्योति जांगडे, आशा ध्रुव व अन्य सामाजिक संगठनों की महिला बहने रक्षाबंधन पर उपस्थित रही। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने सभी रक्षा सूत्र बांधने आयी बहनों को भेंट व उपहार दिए जिससे सभी बहनें खुशी ज़ाहिर किये।

## नगर में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया स्वाधीनता पर्व

# अमर शहीदों को किया गया याद

### स्कूली बच्चों ने शानदार रंगारंग कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखम्हरिया।** नगर में जयस्तंभ चौक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के त्वावधान में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान आपने कहा कि आज समूचे भारत में स्वतंत्रता दिवस के महापर्व को बड़ी ही धूमधाम और गौरव के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि है तिरंगा देश के आन, बान ,शान का प्रतीक है। शहीदों के बलिदान के चलते हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। पश्चात महात्मा गांधी चौक में नगर पंचायत अध्यक्ष तितली गौरव बिंदल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी पार्षद गण उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य पंडित राजेंद्र तिवारी ने किया एवं मंचीय कार्यक्रम में स्कूल छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंचीय कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक भवन में किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साह जनक प्रशंसनीय रहा। भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष राहुल छाबड़ा प्राचार्य रविंद्र यादव के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान राहुल छाबड़ा ने देश को आजादी दिलाने वाले क्रांतिकारियों को नमन किया।विद्यालय परिवार नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कार्यालय तहसील ऑफिस में तहसीलदार प्रकाश यादव नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू ने ध्जारोहण किया। कार्यक्रम में अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे। इस दौरान तहसीलदार प्रकाश यादव ने सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। स्वर्गीय ठाकुर महाराज सिंह महाविद्यालय में प्राचार्य पी पी चंद्रवंशी ध्वजारोहण किया गया। बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में विकास समिति अध्यक्ष चेतन सिन्हा व विधायक प्रतिनिधि रामस्नेही ने ध्वजारोहण किया। गोल बाजार में कुमारी देवी चौबे क्लब के तत्वावधान में सतीश जोशी के सानिध्य में कांग्रेस नेता जितेंद्र उपाध्याय ,रोशन सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। त्रिमूर्ति चौक पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रोशन सिन्हा ने वार्ड 15 में शीतला मंदिर में महेश निषाद, रामसनेही नामदेव, हुकुम सिंहा ने किया। और नूरानी चौक मे, वार्ड नंबर 14 में नजीर मोहम्मद के द्वारा किया गया। रेस्ट हाउस में सब इंजीनियर लालचंद जायसवाल के द्वारा किया गया शासकीय पशु चिकित्सालय में डॉक्टर निर्मल केडिया के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया के द्वारा ध्जारोहण किया गया। भारत माता चौक में पवन मुरारका शिव केडिया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी शासकीय अर्ध शासकीय विद्यालय में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। वीर सपूतों के महान बलिदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया छात्राओं के द्वारा नगर में स्काउट गाइड, स्कूल बैंड की मधुर आवाज के साथ दीक्षा साहू व उनकी सहयोगी के द्वारा हजारों छात्र छात्राओं द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। पूरे नगर में तिरंगे के साथ जश्न का माहौल था महात्मा गांधी चौक में ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गीत गाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल छात्र-छात्राओं और स्कूल स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेश सिंघानिया ,अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, महेश निषाद ,हरीश शरण सिंह छत्रिय ,गोरेलाल चंद्राकर, प्रताप छाबड़ा, डॉक्टर गोविंद शर्मा, अमर सिन्हा ,चंद्रशेखर राजपूत, रामसनेही नामदेव, चेतन सिन्हा ,राहुल छाबड़ा ,मुकेश सिंघानिया ,अतुल सिंघानिया, जितेंद्र उपाध्याय , नमिता सिन्हा ,रेखा शर्मा, सतीश जोशी, अमर सिंह, घसीया निषाद, राजु लहरे, विजय शर्मा ,टीकम अग्रवाल ,मनीष सेन, लोकनाथ सिन्हा, हरि अग्रवाल ,आदर्श जोशी, रोहित राजपूत, विहारी निर्मलकर ,गिरधारी देवांगन, पवन सिन्हा ,रमेश जैन, उज्जु सिंघानिया उपस्थित थे।

# विद्या भारती का उद्देश्य ज्ञानवान, संस्कारवान एवं चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना- विवेक सक्सेना

### संपंन्न हुई सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य –प्रधानाचार्य की कार्यशाला

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**32 विद्यालयों से 37 प्राचार्य -प्रधानाचार्य हुए बैठक में सम्मिलित**

**थानखम्हरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर नवनिर्मित हाल में सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप जलाकर प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा छत्तीगढ़ विद्या भारती संस्थान के सचिव विवेक सक्सेना के द्वारा दीप जलाकर इस बैठक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यशाला के दौरान अपने प्रमुख रूप से सभी प्राचार्य–आचार्य अतिथि लोगों को बताया कि 5 आधार भूत विषयों के निष्कर्ष और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए आपने शिक्षा को विकसित करना ही विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य बताया। विद्या भारती का उद्देश्य ज्ञानवान, संस्कार एवं चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना। शिक्षा भारती का उद्देश्य शिक्षा में परिवर्तन के माध्यम से ज्ञान महान संस्कारवान एवं चरित्रवान का निर्माण करना भारत की वर्तमान चुनौतियों को स्वीकार करते हुए श्रेष्ठ भारत के नवनिर्माण को सुनिश्चित करना है। आगे आपके द्वारा बताया गया कि जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए , जीवन को सार्थक बनाएं और कुछ ऐसा कार्य करें कि विश्व में भारत माता की जय जयकार हो, आगे आपने प्राचार्य–प्रधानाचार्य को संबोधित करते हुए, कहा कि अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य ,संस्कार ,सामाजिक समरसता, स्वदेश ,प्रेम एवं हिंदुत्व विचारधारा की आयाम विद्या भारती के लक्ष्य हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राचार्य आचार्य को दक्ष कर शिक्षा के क्षेत्र में विकसित करना। प्राचार्य आचार्य शिक्षित होंगे तो बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा इस उद्देश्य को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई है कार्यक्रम में भानु प्रकाश सोनी प्रांत परीक्षा संयोजक गौरीशंकर कटकवार प्रांत प्रमुख नगरी विद्यालय राजेश ताम्रकार दुर्ग राजनांदगांव जिला प्रतिनिधि, जिला प्रतिनिधि सुरेश सिंघानिया बेमेतरा उपस्थित थे ।भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से युक्त शिक्षा के साथ शिष्यों के सर्वांगीणविकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

# नई दिल्ली के सामाजिक कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव का सम्मान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन गत दिवस रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्युशन क्लब स्पीकर हॉल नई दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अध्यक्षता अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीर सागर, राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता, राष्ट्रीय अपर महामंत्री अरुण भष्मे छत्तीसगढ़ साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू एवं युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न राज्यों से अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के पदाधिकारी गण पहुँचे थे उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुये कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए नवनिर्वाचित विधायक सांसदों का सम्मान किया गया इसके साथ ही सामाजिक कार्य हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चाएं की गई सम्मान समारोह में विधायक इन्द्र साव को साल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि बड़ी सौभाग्य की बात है कि मुझे इस राष्ट्रीय अधिवेशन में आने का अवसर मिला देशभर से आए साहू समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी को बधाई अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यो के सामाजिक जनों से मुलाकात एवं एक दूसरे को जानने पहचाने का अवसर मिला आज छत्तीसगढ़ के साहू समाज की एकता की सराहना न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे देश में की जा रहीं है। समाज से बड़ा कोई नहीं होता समाज में एकता हो तो हमे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है उन्होने सभी को विश्वास दिलाया कि साहू समाज के उत्थान के लिए हमेशा आगे रह कर सहयोग एवं कार्य करेंगे समाज के सभी वरिष्ठ जनों को उन्होने प्रणाम करते हुये आप सभी बड़ो के आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहू समाज से देश भर के समाज से मंत्रीगण, सांसदगण व विधायकगण सहित साहू समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य समाज के वरिष्ठजन पदाधिकरी उपस्थित थे।

# भाटापारा के तमाम तालाबों में गंदगी के चलते वातावरण प्रदूषित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे बारिश के बाद तमाम तालाबो मे गंदगी का आलम व्याप्त है नगर के सबसे बडे पुराने ऐतिहासिक कल्याण सागर तालाब मे चारो तरफ गंदगी कूड़ा कचरा करकट एवं जलकुंभी का फैलाव होने से तालाब का पानी पूरी तरह प्रदूषित होकर बदबू उत्पन्न कर रहा है। उक्त तालाब का निर्माण दानवीर दाउ कल्याण सिंग ने सन 1935 मे भीषण अकाल की स्थिति से निपटने के लिये आम जनता के हित मे किया था लेकिन उक्त तालाब का संरक्षण व संवर्धन नहीं होने से तालाब चारो तरफ से अतिक्रमण से घिरकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिये संघर्ष कर रहा है। तालाब मे रोजाना कचरे कूडे करकट डाले जा रहे है वहीं नालियों का पानी भी प्रवेश होने से तालाब का पानी प्रदूषण का शिकार हो गया है। शहर के सबसे बडे कल्याण सागर तालाब मे पूरे शहर के लोग उस वक्त अनिवार्य रूप से पहुंचते है जब किसी की मृत्यु हो जाने के बाद उनके तमाम दशगात्र कार्यक्रम तथा क्रियाकर्म के कार्य किये जाते है इस दौरान लोगों को स्नान ध्यान मे दिक्कतो का सामना करना पड़ता है इस महत्वपूर्ण समस्या का निदान जरूरी है। इसके लिये तालाब को नये सिरे से संरक्षित व संवर्धित कर वहां से अतिक्रमण हटाकर तालाब के चारो ओर पौधा रोपण करने शासन प्रशासन पहल करे इसी प्रकार नगर के अन्य तालाब नक्खी बाबा तालाब, कईहा तालाब, रामसागर तालाब, पैठू डबरी, माता देवालय तालाब, तरेंगा नाका स्थित डबरी नुमा तालाब एवं मयूर शिशु मंदिर के सामने सूरजपुरा रोड मे स्थित तालाब मे गंदगी का आलम व्याप्त है जिसके चलते तालाब गंदगी संग्रहण के सबसे बडा केन्द्र बन गया है। जनहित मे तमाम तालाबो की सफ ाई के साथ साथ उसके संरक्षण व संवर्धन के लिये पहल जरूरी है तालाबो के कारण हीं भाटापारा शहर मे भू-जल स्तर की स्थिति भीषण गर्मी मे भी संतोषप्रद रहते आया है इसलिये तालाबो के अस्तित्व को बचाने विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है।

# शिवरतन शामिल हुये महाविद्यालय के कार्यक्रम में



**भाटापारा।** विद्यार्थी जीवन में अनुशासन जरूरी है। अनुशासन से ही हमें जिंदगी में सफलता की राह मिलती है। उक्ताशय के उदगार भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय के कार्यक्रम मे व्यक्त किये। इस दौरान उन्होने आगे कहा कि अनुशासित होने से अपना जरूरी काम समय पर कर पाते है उन्होने अध्ययन के साथ खेलकूद संस्कार संस्कृति अध्यात्म योग के प्रति भी गतिविधियां बढाने का आव्हान किया। उपरोक्त कार्यक्रम मे प्राचार्य पूर्णिमा साहू, डॉ.अनिता सरीन, अभिषेक मिश्रा के अलावा बडी संख्या मे छात्र-छात्रा तथा भाजपा नेता, राकेश तिवारी, सुनील यदु, योगेश अंनत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# ईतवारी राम स्कूल में पौधा रोपण किया गया



भाटापारा। शासकीय ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर मे पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रभारी प्राचार्य दिनेश शर्मा सेवानिवृत्त शिक्षक गौरीशंकर शर्मा, सीमा अवस्थी, सरिता शर्मा, रानी शर्मा, मुस्कान शर्मा, मुकेश शर्मा, शंकर लाल सोनी, ललित तिवाडी, इन्द्राणी साहू, राजकुमार यदु, शीतल यादव, दुर्गा, आकाश मिश्रा व श्यामलाल पुरोहित सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

# बरसात में भी भाटापारा कृषि मंडी में भरपूर आवक



**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे बरसात के बावजूद धान की बंपर आवक का सिलसिला जारी है गुरूवार को भाटापारा मंडी मे लगभग 18 हजार से अधिक धान बोरो की आवक हुई। जिसमे ज्यादातर धान दूर दराज के गांव जो कि चांपा जांजगीर, कवर्धा, बेमेतरा, मुंगेली, सारंगढ-बिलाईगढ, बिलासपुर सहित अन्य जिलो के गांव से आये हुये कृषको के थे जिन्हे भाटापारा मंडी मे बेचे गये धान का पर्याप्त दाम प्राप्त हुआ मंडी प्रांगण मे श्रीराम धान 3395 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बेचा गया वहीं एचएमटी ईनेम धान 3029 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका, महामाया नया धान 2458 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, मोटा मिक्स 2025 रूपये प्रति क्विंटल तथा सरना धान 2075 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका। मंडी मे कोदो की भी आवक हुई जो 3200 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, गेहूं 2431 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं ईनेम 2416 रूपये प्रति क्विंटल, चना 6871 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका वहीं चना ईनेम 6752 रूपये एवं तिवरा 4730 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, मसूर 5191 रूपये प्रति क्विंटल तथा बटरी 6021 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बेचा गया, सरसो 4961 रूपये प्रति क्विंटल एवं धनिया 4700 रूपये के उच्च स्तर पर बेचकर किसान प्रसन्नचित मुद्रा मे भाटापारा मंडी से वापस लौटे। इस वर्ष भाटापारा मंडी मे धान सहित अन्य कृषि जींस की भरपूर आवक लगातार जारी रहने से मंडी मे कार्यरत हमाल, रेजा, कुली, तौलेया एवं गाड़ीवान को जहां भरपूर काम मिल रहा है वहीं मंडी के बाहर स्थित तमाम होटल भेजनालय को भी अच्छी ग्राहकी लगातार मिल रहा है कुल मिलाकर बरसात मे भी भाटापारा मंडी मे बंपर आवक होने से सभी को रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त हो रहे है।

# जर्जर लोकल केबल और लटकते तारों के चलते परेशान हैं किसान

## ठेकेदार की मनमानी के चलते आम किसानों एवं जनता को हो रही परेशानी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया । समीपस्थ ग्राम के खेत में कम ऊंचाई वाले बिजली तार से खतरा मंडराने लगा है। किसी प्रकार के अनहोनी होने की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी के स्थानीय अधिकारी को समस्या से अवगत कराया गया था।



**मामला ग्राम बरगा का है जहां आवेदक केवलराम साहू के आवेदन पर आज तक नहीं हुई कार्यवाही**

समस्या के निराकरण का वादा करने के बाद आज एक माह ज्यादा हो गया जिम्मेदारों ने पलटकर नहीं देखा। जानकारी के अनुसार जर्जर केबल और खेत में कम ऊंचाई में झूल रहे बिजली तार की वजह से परेशान किसान केवलराम साहू ने बताया कि किसानों को पंप के लिए विद्युत कनेक्शन के विभाग द्वारा ठेकेदार को टेंडर मिला था, ठेकेदार मनमानी तरीके से काम किया और बहुत ही घटिया किस्म का केबल लगा कर काम खत्म कर दिया गया, विद्युत सप्लाई के 2-4 दिन बाद केबल भरभरा कर जल गया, ठेकेदार का आदमी समस्या सुनने को तैयार नही है, विभाग को समस्या बताने पर ठेकेदार से बोल कर नया केबल लगाने की बात करते है लेकिन 1 माह बीत गया आज तक कोई सुनने वाला नहीं है 25 केवी ट्रांसफार्मर में 4 पंप का ही विद्युत सप्लाई हो रहा है उसके बाद भी ऐसी समस्या आ रही है। केवलराम साहू खेत के पास खंभा लगाया गया है जिसमें लगा तार कम ऊंचाई पर है। पूर्व में तार लगाते समय ठेकेदार को समस्या से अवगत कराया था इसके बाद भी मनमानी करते हुए तार को लगा दिया गया । तार लगाये जाने के बाद उसे व आसपास के किसानों को परेशानी होने लगी है साथ ही खतरा बना रहता है। किसानो ने समस्या के निराकरण करने की मांग कार्यपालन अभियंता परियोजना को दो माह पूर्व आवेदन सौपा था इसके बाद भी निराकरण नहीं किया गया है। किसानों ने बताया कि अनहोने होने की आशंका की वजह से सभी भय ग्रस्त है इसे जल्द से जल्द हटाया जाना जरूरी है।

# सुरखी शाला में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का शिवरतन ने किया लोकार्पण




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरखी में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने किया। इसके निर्माण पर लगभग 16 लाख रुपए खर्च हुये इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ होगा। भाजपा सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाई जा रही है। नरेन्द्र मोदी एवं विष्णुदेव साय सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए संकल्पित हैं। शासन द्वारा स्कूलों में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं बच्चों को स्कूलों में निरूशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक, सायकल आदि सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होने आगे कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति का विकास संभव है। विद्यालय के विद्यार्थियों से शिक्षा से सम्बंधित प्रश्न किये जिसका बच्चो ने उत्तर दिया, कुछ बच्चो के त्वरित उतर प्राप्त होने से शर्मा ने उन्हें प्रोत्साहित भी किया और उज्जवल भविष्य की सभी को शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, सतीश सोनी, पवन वर्मा, सरपंच पोषण यादव, रोहित साहू, घनाराम ध्रुव, जगदीश ध्रुव, चंद्रशेखर वर्मा, लेखराम साहू, रश्मि शुक्ला, इंद्राणी साहू, दर्शन ठाकुर, संजय सोनी, दशरू सोनवानी, दीपक सिंह, आंकित बाजपेयी व प्रवेश मिश्रा सहित शाला स्टाफ एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बहनों के बीच राखी बंधवाने पहुंचे अमित

## मारवाड़ी युवा मंच नवा रायपुर शाखा







**रायपुर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच नवा रायपुर शाखा द्वारा घरौंदा आश्रम अश्विनी नगर रायपुर में रखी उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक अमित चौधरी उपस्थित रहे अपने संबोधन में श्री चौधरी द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के आयोजन हर समाज द्वारा आयोजित होना चाहिए ताकि इन बच्चों के बीच हम पहुंचकर समय व्यतीत कर जिनका कोई नहीं उनका भाई बनाना आपको आपके जीवन की तमाम खुशियां दे जाएगा उक्त विषय के बारे में मंच के अध्यक्ष तरुण सोनी एवं सचिव गौरव अग्रवाल द्वारा यह जानकारी दी गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुभम अग्रवाल पीयूष भाई ऋषि शर्मा गौरव अग्रवाल तरुण सोनी पीयूष अग्रवाल आदि युवा उपस्थित रहे।










छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री

# मा. भूपेश बघेल जी को

# जन्मदिन

## की हार्दिक शुभकामनाएं...




एवं श्री अखंड राम-नाम सप्ताह
के शोभायात्रा 27 अगस्त को श्री भूपेश बघेल जी
के आगमन पर हार्दिक वंदन अभिनंदन....



अखंड राम-नाम सप्ताह शोभायात्रा में पधारे
समस्त श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन...

**इन्द्र साव**
विधायक भाटापारा

विनीतः- समस्त कार्यकर्ता , भाटापारा विधानसभा

### सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग के नेतृत्व एवं ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में

# 4 करोड़ 31 लाख के नशीले मादक पदार्थों का किया गया नष्टीकरण





**पंकज शुक्ला ब्यूरो चीफ**

**अंबिकापुर। सरगुजा रेंज पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थ गांजा, ब्राऊन शुगर, हीरोईन, डोडाचूरा, सिरप, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट किए थे जप्त।**



सरगुजा संभाग-छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर पूर्णतया रोक लगाए जाने एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सरगुजा रेंज समस्त जिलों में जप्त कुल 1162.67 किलो गांजा, 1650 नग गांजा का पौधा, 21.08 किलो डोडा चुरा को इंदिरा पावर जैन प्राईवेट लिमिटेड गिरवरगंज-नयनपुर जिला सूरजपुर में कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में नष्टीकरण किया गया। जप्त अवैध मादक पदार्थों/ नशीले दवाओं का नष्टीकरण हेतु पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग (भापुसे) की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाते हुए कमेटी के सदस्यों की उपस्थित में आज दिनांक 20 अगस्त 2024 को इंदिरा पावर प्लांट के बायलर में गांजा-डोडा चुरा डालकर नष्टीकरण करते हुए बिजली का उत्पादन किया गया।सरगुजा रेंज में अब तक यह तीसरी बार है जब गांजा नष्टीकरण कर बिजली का उत्पादन किया गया है।

नष्टीकरण के पूर्व जप्त गांजा-चरस का माप तौल कमेटी के सदस्यों के उपस्थित में कराते हुए उसका रिकार्ड संधारण कार्यवाही भी पूर्ण की गई। सरगुजा रेंज आईजी श्री अंकित गर्ग, डीआईजी /एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भापुसे) तथा पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री योगेश कुमार पटेल (भापुसे) की उपस्थिति में इन नशीली सामग्रियों का नष्टीकरण किया गया। कफ सिरप की शिशियों और टेबलेट्स को जलाकर नष्ट किया गया और जमीन में गड्ढा खोदकर उसे मिट्टी से पाट दिया गया। नष्टीकरण किए गए नशीले वस्तुओं का बाजार मूल्य करीब 4 करोड़ 31 लाख रूपये है। आईजी श्री अंकित गर्ग ने कहा कि नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने के दौरान नशीली पदार्थ गांजा, ब्राऊन शुगर, हीरोईन, डोडाचूरा, सिरप, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट बड़ी मात्रा में जप्त की गई थी। रेंज के जिलों में कुल 133 प्रकरणों में 1162.67 किलो गांजा, 1650 नग गांजा का पौधा, 21.08 किलो डोडा चुरा, 704.08 ग्राम ब्राऊन शुगर, 105 ग्राम हेरोईन, 9128 नग इंजेक्शन, 4982 नग टेबलेट व 58977 नग जप्त कफ सिरप का नष्टीकरण इंदिरा पावर जैन प्राईवेट लिमिटेड सूरजपुर में किया गया।

नष्टीकरण कार्यवाही के दौरान कमेटी के सदस्य सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया मोनिका ठाकुर, डीएसपी पुमनि कार्यालय मानकराम कश्यप, सीएसपी सूरजपुर एस.एस.पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय सूरजपुर महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, कोतवाली प्रभारी सूरजपुर निरीक्षक विमलेश दुबे, आईजी रीडर सुभाष ठाकुर सहित रेंज के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।





प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in